भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 616
उत्तर देने की तारीख 3 दिसंबर, 2025

दमन और दीव में लगाए गए वाई-फाई सिस्टम

616. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में सरकार ने कितने सार्वजनिक स्थानों पर वाई-फाई सिस्टम लगाया है, उनका पते सहित ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले पांच वर्षों में इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र को कितनी राशि आवंटित की है और उसमें से संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा कितनी राशि का उपयोग किया गया है;
(ग) अब तक इस सेवा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) दमन और दीव में अब तक लगाए गए सिस्टम की कुल बैंडविड्थ कितनी है;
(ङ) क्या यह बैंडविड्थ सरकार के दिशा-निर्देशों के हिसाब से उपयुक्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने इसका पता लगाने के लिए कोई क्षेत्र सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) सरकार ने देश भर में सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से ब्रॉडबैंड सेवाओं के प्रसार में तेजी लाने के लिए 9 दिसंबर 2020 को पीएम-वाणी स्कीम के लिए अनुमोदन दिया। राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी) 2018 के उद्देश्यों के अनुरूप पीएम-वाणी फ्रेमवर्क का उद्देश्य एक सुदृढ़ डिजिटल संचार अवसंरचना का सृजन करना है। यह फ्रेमवर्क सार्वजनिक डेटा कार्यालयों (पीडीओ) को न्यूनतम विनियामक ओवरसाइट के साथ सार्वजनिक डेटा कार्यालय एग्रीगेटर्स (पीडीओए) के एग्रीगेशन के तहत वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करने की अनुमति देता है ताकि स्थानीय उद्यमियों को डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। दिनांक 26.11.2025 की स्थिति के अनुसार, पीएम वाणी वाई-फाई

हॉटस्पॉट की अखिल भारत संख्या 3,91,599 है। पीएम वाणी वाई-फाई हॉटस्पॉट की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) केंद्र सरकार द्वारा संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव को इस स्कीम के लिए अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

(ग) दिनांक 26.11.2025 की स्थिति के अनुसार, पीएमवाणी स्कीम के तहत, 2,41,61,459 प्रयोक्ताओं ने पीएमवाणी वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग किया है।

(घ) से (च) पीएमवाणी स्कीम के तहत विशिष्ट बैंडविड्थ से संबंधित अनुदेश/दिशा-निर्देश परिभाषित नहीं किए गए हैं।

अनुबंध -I

क्र.सं.	राज्य	वाई-फाई हॉटस्पॉट की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	275
2	आंध्र प्रदेश	6074
3	अरुणाचल प्रदेश	1017
4	असम	1063
5	बिहार	4086
6	चंडीगढ़	253
7	छत्तीसगढ़	2839
8	दिल्ली	198275
9	गोवा	430
10	गुजरात	11857
11	हिमाचल प्रदेश	936
12	हरियाणा	18131
13	झारखंड	1042
14	जम्मू और कश्मीर	2299
15	कर्नाटक	21834
16	केरल	4987
17	लद्दाख	601
18	लक्षद्वीप	1
19	महाराष्ट्र	33084
20	मेघालय	256
21	मणिपुर	21
22	मध्य प्रदेश	7592
23	मिजोरम	3
24	नागालैंड	78
25	ओडिशा	3040
26	पंजाब	3713
27	पुडुचेरी	89
28	राजस्थान	2891
29	सिक्किम	13
30	तेलंगाना	4284
31	तमिलनाडु	7501
32	त्रिपुरा	310
33	उत्तराखंड	980
34	उत्तर प्रदेश	47549
35	पश्चिम बंगाल	4195
	कुल	**391599**

*****